**मुख्य विकास अधिकारी बदायूँ की अध्यक्षता में दिनॉक 07.05.2025 को प्रातः 11:00 बजे आयोजित "जल जीवन मिशन" कार्यक्रम के अन्तर्गत कार्यो की समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त।**

उपस्थिति–

1. श्री केशव कुमार, मुख्य विकास अधिकारी, बदायूँ।
2. श्री अरूण कुमार, अपर जिलाधिकारी, बदायूँ।
3. श्री नरेन्द वर्मा, अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बदायूँ।
4. श्री कपिल सिंह, अधिशासी अभियन्ता, नगरीय, शाहजहांपुर।
5. श्री संजीव कुमार, अधिशासी अभियन्ता, विद्युत, बदायूँ।
6. श्री आकाश चौधरी, उप परियोजना प्रबन्धक, मै0 बी0एल0जी0 (टी0पी0आई0 संस्था)।
7. श्री गुरूप्रताप सिंह, वरिष्ठ परियोजना प्रबन्धक, मै0 पी0एन0सी0– एस0पी0एम0ए, बदायूँ।
8. श्री मनीष उपाध्याय, अवर अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जलनिगम (ग्रामीण), बदायूँ।
9. श्री हिमांशु राठौर, जिला समन्वयक, मै0 मेधज टेक्नो कॉन्सेप्ट प्रा0लि0 (डी0पी0एम0यू0), बदायूँ।
10. श्री हसीबुर रहमान, आई0एस0ए0 समन्वयक, मै0 मेधज टेक्नो कॉन्सेप्ट प्रा0लि0 (डी0पी0एम0यू0), बदायूँ।
11. श्री सत्यवीर सिंह यादव, सी0बी0एन0टी0 समन्वयक, मै0 मेधज टेक्नो कॉन्सेप्ट प्रा0लि0 (डी0पी0एम0यू0), बदायूँ।

बैठक में निम्नानुसार बिन्दुओं पर समीक्षा की गयीः–

1. **"जल जीवन मिशन" कार्यक्रम के अन्तर्गत सड़क के पुर्ननिर्माण की स्थितिः–**

बैठक में उपस्थित अधिशासी अभियन्ता, जल निगम द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जनपद बदायूँ की 1444 राजस्व ग्रामों के सापेक्ष पाइप लाइन बिछाने के पश्चात् 1006 राजस्व ग्रामों में 100 प्रतिशत सड़कों का पुर्ननिर्माण पूर्ण कराया जा चुका है।

(कार्यवाही–अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0 प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बदायूँ एवं मै0 पी0एन0सी0–एस0पी0एम0एल0 जे0वी0, आगरा)।



2 ''जल जीवन मिशन'' कार्यक्रम के अन्तर्गत ''हर घर जल'' की प्रमाणीकरण की स्थितिः–

अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद मे वर्तमान तक 662 नग पेयजल योजना पोर्टल पर रिपोर्ट की गई है, जिसके सापेक्ष 384 नग पेयजल योजना का हर घर जल प्रमाणीकरण पूर्ण कर लिया गया है अर्थात् विगत सप्ताह में 05 राजस्व ग्रामों का हर घर जल प्रमाणीकरण किया गया। अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्देशित किया गया कि शेष कार्य को शीघ्र कराया जाए।

(कार्यवाही–अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0 प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बदायूँ एवं मै0 पी0एन0सी0–एस0पी0एम0एल0 जे0वी0, आगरा)।

3. ''जल जीवन मिशन'' कार्यक्रम के अन्तर्गत कराये जा रहे पूर्ण कराई गई योजनाओं की स्थितिः–

अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बदायूँ द्वारा अवगत कराया गया कि कुल 857 नग योजनाओं के सापेक्ष 151 नग योजनाएँ पूर्ण कर ली गई हैं अर्थात् विगत सप्ताह में 06 नग अवर जलाशय का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। अतः दिसम्बर, 2025 तक पूर्ण की जाने वाली 300 योजनाओं के सापेक्ष 149 योजनाओं का कार्य शेष है।

(कार्यवाही–अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0 प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बदायूँ एवं मै0 पी0एन0सी0–एस0पी0एम0एल0 जे0वी0, आगरा)।

4. ''जल जीवन मिशन'' कार्यक्रम के अन्तर्गत पूर्ण किये गये ग्राम पंचायतों का पंचायतीराज को हस्तान्तरण करने के सम्बन्ध मे।

अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बदायूँ द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में 33 नग योजनाओं का संचालन एवं अनुरक्षण में सम्मिलित कर ली गई अर्थात् विगत सप्ताह में 02 योजनाएँ संचालन एवं अनुरक्षण में सम्मिलित की गई हैं। इनमें से 11 नग योजना पंचायतीराज पोर्टल पर हस्तान्तरण हेतु अपलोड करा दी गई है। शेष कार्य पंचायतीराज पोर्टल पर तकनीकी समस्या के कारण वाधित है।

(कार्यवाही–अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) एवं पंचायतीराज अधिकारी)।

5. ''जल जीवन मिशन'' कार्यक्रम के अन्तर्गत विवादित ग्रामों में पाइप लाइन न बिछाये जाने के सम्बन्ध मेंः–

अधोहस्ताक्षरी ने अपर जिलाधिकारी प्रशासन को निर्देशित किया कि विवादित भूमि एवं ग्राम में पाइप लाइन न डालने देने के विरोध के सम्बन्ध में सम्बन्धित उप जिलाधिकारी को निर्देशित किया जाये कि तहसील स्तर पर नायाब तहसीलदार को नोडल नियुक्त करते हुए विवादों का निस्तारण शीघ्र कराने का प्रयास करें।

(कार्यवाही– अपर जिलाधिकारी प्रशासन बदायूँ )

6. विद्युत कनैक्शन एवं विद्युत लाइन शिफ्टिंग के सम्बन्ध मेंः–

अधिशासी अभियन्ता विद्युत प्रथम को निर्देशित किया गया कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत 24 ग्रामीण पाइप पेयजल योजना के निर्माण हेतु प्रस्तावित भूमि के ऊपर से जा रही हाई टेंशन विद्युत लाईन शिफ्ट की धनराशि फरवरी 2025 में विभागीय खाते में भेज दी गई है, जिसके सापेक्ष वर्तमान तक प्रगति शून्य है। अधिशासी अभियन्ता, विद्युत द्वारा अवगत कराया गया कि निविदा की प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है। वर्तमान में हैडल के स्टोर पर सामग्री भी उपलब्ध हो गयी है। अतः शीघ्र ही लाइन शिफ्ट करा दी जायेगी। इसके अतिरिक्त अधिशासी अभियन्ता, विद्युत ने अवगत कराया कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत 25 योजनाओं में से 22 योजनाओं पर विद्युत कनैक्शन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा अधिशासी अभियन्ता विद्युत को यह निर्देशित किया गया कि 22 की सूची उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

(कार्यवाही–अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण, मण्डल बदायूँ, अधिशासी अभियन्ता विद्युत प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय एवं चतुर्थ एवं अधिशासी अभियन्ता, जल निगम, ग्रामीण बदायूँ।

7. अमृत 2.0 कार्यक्रम के अन्तर्गत बदायूँ नगर पालिका परिषद पुनर्गठन पेयजल योजना :–

अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, उ0प्र0जल निगम (नगरीय), शाहजहाँपुर द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त योजना में कुल 17 नग ट्यूबवेल (08 नग नये एव 09 नग रिबोर) प्रस्तावित है जिसके सापेक्ष नगर पालिका परिषद, बदायूँ द्वारा 15 नग ट्यूबवेल हेतु भूमि उपलब्ध करायी जा चुकी है जिस पर कार्य पूर्ण किया जा चुका है एव 02 नग ट्यूबवेल हेतु भूमि उपलब्ध करायी जानी शेष है।

(कार्यवाही–अपर जिलाधिकारी (प्रशा0)/स्थानीय प्रभारी निकाय)।

8. अमृत 2.0 कार्यक्रम के अन्तर्गत नगर पालिका परिषद, बदायूँ के वार्ड सं0–3 (नेकपुर) मे 24X7 की पेयजल आपूर्ति योजना :–

अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, उ0प्र0जल निगम (नगरीय), शाहजहाँपुर द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त योजना मे 01 नग अवर जलाशय, 02 नग ट्यूबवेल का निर्माण कार्य प्रस्तावित है। 02 नग ट्यूबवेल के निर्माण हेतु भूमि का प्रस्ताव अप्राप्त है। साथ ही यह भी अवगत कराया गया कि योजना मे प्रस्तावित 01 नग अवर जलाशय का निर्माण डी0एम0 आवास के पीछे बने अवर जलाशय कैम्पस में होना है जिसमे हाई टेन्शन लाइन गुजर रही है, जिस हेतु विद्युत विभाग से लाइन शिफ्टिंग हेतु प्राक्कलन मांगा गया है। जिस पर अधिशासी अभियन्ता, विद्युत, बदायूँ द्वारा एक सप्ताह के भीतर लाइन शिफ्टिंग के प्राक्कलन को उपलब्ध कराने का आशवासन दिया गया है।

(कार्यवाही–अपर जिलाधिकारी (प्रशा0)/स्थानीय प्रभारी निकाय एवं अधिशासी अभियन्ता, विद्युत, बदायूँ)।

9. राज्य सेक्टर के अन्तर्गत नगर पालिका परिषद के आई0 एण्ड डी0 सहित एस0टी0पी0 (15 एम0एल0डी0) एवं एम0पी0एस0 (15 एम0एल0डी0) योजना :–

अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, उ0प्र0जल निगम (नगरीय), शाहजहाँपुर द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त योजना में 02 नग नालों क्रमशः लालपुल नाला एवं कबूलपुरा नाला को टैप करके एस0टी0पी0 पर शोधित करने का कार्य प्रस्तावित है जिस हेतु लालपुल नाले पर एम0पी0एस0 के निर्माण एवं कबूलपुरा नाले पर आई0पी0एस0 के निर्माण हेतु भूमि का प्रस्ताव अप्राप्त है।

(कार्यवाही–अपर जिलाधिकारी (प्रशा0)/स्थानीय प्रभारी निकाय)।

10. अमृत 2.0 कार्यक्रम के अन्तर्गत उझानी नगर पालिका परिषद पुनर्गठन पेयजल योजना :–

अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, उ0प्र0जल निगम (नगरीय), शाहजहाँपुर द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त योजना में कुल 07 नग ट्यूबवेल (04 नग नये एवं 03 नग रिबोर) प्रस्तावित है जिसके सापेक्ष कुल 05 नग ट्यूबवेल का कार्य पूर्ण करा दिया गया है एवं 01 नग रिबोर ट्यूबवेल हेतु भूमि का प्रस्ताव अप्राप्त है।

(कार्यवाही–अपर जिलाधिकारी (प्रशा0)/स्थानीय प्रभारी निकाय)।

11. अमृत 2.0 कार्यक्रम के अन्तर्गत इस्लामनगर नगर पंचायत पुनर्गठन पेयजल योजना :–

अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, उ0प्र0जल निगम (नगरीय), शाहजहाँपुर द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त योजना में कुल 05 नग ट्यूबवेल (02 नग नये एवं 03 नग रिबोर) प्रस्तावित है जिसके सापेक्ष कुल 04 नग ट्यूबवेल का कार्य पूर्ण करा दिया गया है एवं 01 नग रिबोर ट्यूबवेल हेतु भूमि का प्रस्ताव अप्राप्त है।

(कार्यवाही–अपर जिलाधिकारी (प्रशा0)/स्थानीय प्रभारी निकाय)।

12. अमृत 2.0 कार्यक्रम के अन्तर्गत सहसवान नगर पालिका परिषद पुनर्गठन पेयजल योजना:–

अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, उ0प्र0जल निगम (नगरीय), शाहजहाँपुर द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त योजना मे कुल 13 नग ट्यूबवेल (07 नग नये एवं 06 नग रिबोर) प्रस्तावित है जिसके सापेक्ष कुल 13 नग ट्यूबवेल का कार्य पूर्ण करा दिया गया है एवं नगर पालिका परिषद सहसवान द्वारा 01 अतिरिक्त नया ट्यूबवेल बनाने हेतु आग्रह किया गया है जिस हेतु भूमि का प्रस्ताव अप्राप्त है।

(कार्यवाही–अपर जिलाधिकारी (प्रशा0)/स्थानीय प्रभारी निकाय)।

समस्त प्रतिभागियों को निर्देशित किया गया कि उक्त बैठक अब हर 15 दिनों मे की जाएगी।

( केशव कुमार )
मुख्य विकास अधिकारी,
बदायूँ।

## कार्यालय मुख्य विकास अधिकारी, बदायूँ।

पत्रांक- -1118 / M- 32 / 19 दि0- 09-05-2025

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. जिलाधिकारी, बदायूँ को सूचनार्थ हेतु प्रेषित।
2. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बरेली।
3. अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल, बदायूँ।
4. अधीक्षण अभियन्ता, नगरीय, शाहजहांपुर।
5. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बदायूँ।
6. अधिशासी अभियन्ता, विद्युत, प्रथम, द्वितीय तृतीय एवं चतुर्थ बदायूँ।
7. परियोजना प्रबन्धक, मै0 पी0एन0सी0– एस0पी0एम0एल0 जे0वी0, बदायूँ।
8. मै0 मेघज टेक्नो कन्सेप्ट प्रा0लि0 (डी0पी0एम0यू0), बदायूँ।
9. मै0 बी0एल0जी0 कन्स्ट्रक्शन सर्विसेज, टी0पी0आई0, बदायूँ।

8-5-25

मुख्य विकास अधिकारी,
बदायूँ।